**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding redressal of grievances of people pertaining to electricity in NCT of Delhi-laid.

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** मैं सरकार विशेषतः माननीय ऊर्जा मंत्री जी का ध्यान दिल्ली की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । दिल्ली जो राष्ट्रीय राजधानी है । वहां मेरे संसदीय क्षेत्र साउथ दिल्ली में प्रतिदिन 3 से 4 घंटे की बिजली कटौती होती थी । आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में माननीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी व तत्कालीन ऊर्जा मंत्री पीयूष गोयल जी के प्रयासों से शूटिंग रेंज रोड पर 3100 करोड़ की लागत से 400/220 केवी के बिजलीघर के निर्माण से समस्या का समाधान हुआ है । परंतु बिजली के संबंध में दो समस्याएं और हैं ।

दिल्ली में वर्ष 2010 में 40.47 लाख उपभोक्ता थे जो बढ़कर अब 61.68 लाख हो गए हैं । बीएसईएस यमुनापावर लि0 में काफी अनियमितताएं हैं । मेरे क्षेत्र में महरौली विधानसभा में स्थित किशनगढ़, मसूदपुर डेरी, जेजे बंधु कैंप, जय हिंद, रजोकरी, बीईएसई कैंप तथा छतरपुर विधानसभा में स्थित मांडी गांव, छतरपुर एक्सटेंशन छतरपुर एनक्लेव, राजपुर खुर्द, राजपुर कॉलोनी में नए कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं और कारण बताया जाता है कि लोड ज्यादा है और ट्रांसफार्मर फुक जाएगा । इसके साथ-साथ ओखला में बिजली चोरी होती है और जब रेड पड़ती है तो बिजली खपत के बिलों की 70 से 90 प्रतिशत पेनल्टी माफ की जाती हैं जबकि इन्हीं परिस्थितियों में संगम विहार, देवली, अंबेडकर नगर में मात्र 30 से 40 प्रतिशत की छूट मिलती है । यह भेदभाव क्यों ? पुराने ट्रांसफार्मर भी नहीं बदले गए हैं क्योंकि दिल्ली सरकार का ऊर्जा क्षेत्र में कुल प्लान एक्सपेंडिचर बहुत घटा है । वर्ष 2011 में यह कुल प्लान एक्सपेंडिचर का 13.44 प्रतिशत थी जो अब वर्ष 2020-21 में मात्र 0.31 प्रतिशत रह गई । मेरा माननीय ऊर्जा मंत्री जी से यह अनुरोध है कि इस विषय में संज्ञान लें एवं दिल्ली के एल0जी0 के माध्यम से कुछ समाधान निकालने का प्रयास करें ।